1000209 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **13** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

खंड 'क'

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए।** **5**

साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करनेवाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पडोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।

साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है।

(1) लेखक के अनुसार किस प्रकार की ज़िंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी कही जाती हैं ? **1**

(क) समझौतावादी ज़िंदगी

(ख) अवसरवादी ज़िंदगी

(ग) सादगीपूर्ण ज़िंदगी

(घ) साहस की ज़िंदगी

(2) साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह **1**

(क) सदा आगे बढ़ता जाता है।

(ख) बाधाओं से नहीं घबराता।

(ग) लोगों की सोच की परवाह नहीं करता।

(घ) बिल्कुल लापरवाह होता है।

(3) 'निडर' शब्द में कौन-सा समास है ? **1**

(क) अव्ययी भाव समास

(ख) द्वन्द्व समास

(ग) द्विगु समास

(घ) बहुब्रीहि समास

(4) दुनिया की असली ताकत किस प्रकार के लोग होते हैं ? **1**

(क) जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाले।

(ख) सब लोगों की सलाह मानने वाले।

(ग) मनुष्यता को महत्त्व देनेवाले।

(घ) पड़ोसी की बात सिर झुकाकर मानने वाले।

(5) साहसी मनुष्य किस प्रकार के सपनों में भी रस लेता है ? **1**

(क) जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं होता।

(ख) जिन सपनों में वास्तविकता होती है।

(ग) जो सपने रसपूर्ण होते हैं।

(घ) जो सपने साकार होते हैं।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **5**

हमारी मध्यकालीन व्यवस्था में लाखों बुराइयाँ तो थीं – धर्मांधता, कट्टरता, जातिवाद, रूढ़िपूजा – लेकिन एक अच्छाई थी जो निभाई जा सके तो बहुत अच्छा हो। मुहल्ले-टोले में, गाँव-गिराम में, दूसरे को सहारा देने, अपने दुश्मन को भी पारिवारिक कष्ट में जानकर उसे मदद देने की एक परम्परा थी, जो धीरे-धीरे खत्म हो रही है। कुछ ये बड़े शहर उसे मिटा रहे हैं, कुछ राजनीति की हवाई सिद्धान्तवादी कट्टरता और निहित स्वार्थों की मुठभेड़ उसे मिटा रही है। लेकिन जब कभी इक्का-दुक्का ऐसी खबरें दिख जाती हैं तो खुशी होती हैं, मन को एक राहत मिलती है कि हमारे देश के छोटे-छोटे गाँव कस्बों के नितान्त साधारण लोक इन्सानियत के स्तर पर हमदर्दी, प्यार, आपसी समझदारी और सहारे से अपने ढंग से राष्ट्र-निर्माण का काम करते चल रहे है, जो धुआँधार भाषणों से ज्यादा ठोस और महत्त्व का है। उन हज़ारों अज्ञात लोगों के ऐसे हजारों महत्त्वपूर्ण कामों की चाहे कोई ख़बर अखबार में न छपे लेकिन इस देश के असली निर्माता वे ही अज्ञात साधारण लोग हैं। इस झूठ और दंभयुक्त प्रचार के कोलाहल में मन की सच्चाई, ईमानदारी, नेकी और मानवीयता के बीच वे ही लोग बो रहे हैं। अगर देश के एक भी बच्चे के मन में उन्होंने स्वाभिमान जगाया और प्रकाश दिया तो वह दस हज़ार वोट इकट्ठा करने से ज्यादा ठोस काम है।

(1) हमारी मध्यकालीन व्यवस्था में बुराइयाँ थीं **1**

(क) धर्मांधता (ख) कट्टरता

(ग) रूढ़िपूजा और जातिवाद (घ) उपरिलिखित सभी

(2) 'राष्ट्र-निर्माण' शब्द में कौन-सा समास है ? **1**

(क) अव्ययीभाव समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) कर्मधारय समास

(घ) द्वन्द्व समास

(3) इस देश के असली निर्माता हैं **1**

(क) ख्याति प्राप्त लोग

(ख) अज्ञात असाधारण लोग

(ग) अज्ञात साधारण लोग

(घ) धुआँधार भाषण देनेवाले लोग।

(4) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है **1**

(क) मध्यकालीन व्यवस्था

(ख) मानवीय दृष्टिकोण

(ग) सिद्धान्तवादी कट्टरता

(घ) राजनीति

(5) हमारी मध्यकालीन व्यवस्था की अच्छाई को कौन मिटा रहे हैं ? **1**

(क) अज्ञात असाधारण लोग

(ख) मानवीयता और नेकी

(ग) निहित स्वार्थ भावना और सिद्धान्तवादी कट्टरता

(घ) सच्चाई और ईमानदारी

3. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प छाँटकर लिखिए -** **5**

जग जीवन में जो चिर महान,
सौंदर्यपूर्ण औ सत्य प्राण,
मैं उसका प्रेमी बनूँ नाथ !
जिससे मानव हित हो समान !
    जिससे जीवन में मिले शक्ति,
    छूटें भय-संशय, अंध-भक्ति,
    मैं वह प्रकाश बन सकूँ, नाथ !
    मिल जावें जिसमें अखिल व्यक्ति !
दिशी-दिशि में प्रेम-प्रभा-प्रसार,
हर भेद भाव का अंधकार,
मैं खोल सकूँ, चिर मुँदे, नाथ !
मानव के उर के स्वर्ग-द्वार !
    पाकर, प्रभु ! तुमसे अमरदान
    करने मानव का परित्राण,
    ला सकूँ विश्व में एक बार
    फिर से नव जीवन का विहान।

(1) कवि ने जीवन में 'चिरमहान' किसे कहा है ? **1**
    (क) जो संसार में परोपकारी और दयालु हो !
    (ख) जो संसार में सत्य और सुंदर हो।
    (ग) जो पूरी धरती को एक परिवार मानता हो।
    (घ) जो आकाश की तरह अनंत और समुद्र की तरह गहरा हो।

(2) इस कविता का मूल उद्देश्य क्या है ? **1**
    (क) लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना।
    (ख) मानव कल्याण और एकता का भाव पैदा करना।
    (ग) उत्साहपूर्ण जीवन जीने की भावना पैदा करना।
    (घ) निराशा-हताशा से उबरने की भावना पैदा करना

(3) कवि किसका प्रेमी बनना चाहता है ? **1**
    (क) सभी भारतीयों का
    (ख) अमरदान का
    (ग) मानव हित और कल्याण करने वाले का
    (घ) प्रेम का प्रकाश पैदा करने वाले का

(4) कवि किससे छुटकारा पा लेना चाहता है ? **1**

(क) मनुष्य के कल्याण से

(ख) स्वर्ग के बंद द्वार से

(ग) भय, संशय और अंध-भक्ति से

(घ) संसार के प्रकाश से

(5) 'जग जीवन में जो चिर महान' में निहित अलंकार है **1**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ख) उपमा अलंकार

(ग) अनुप्रास अलंकार

(घ) रूपक अलंकार

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **5**

छिपा दिए सब तत्त्व आवरण
के नीचे ईश्वर ने,
संघर्षों से खोज निकाला
उन्हें उद्यमी नर ने।
ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है।
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है।
प्रकृति नहीं डरकर झुकती है
कभी भाग्य के बल से
सदा हारती वह मनुष्य के
उद्यम से श्रम जल से।

(1) उद्यमी नर ने संघर्ष करके किसकी खोज की है ? **1**

(क) ब्रह्मांड की खोज की है।

(ख) पृथ्वी के नीचे छिपे खजाने की खोज की है।

(ग) प्रकृति के बारे में खोज की है।

(घ) ईश्वर की खोज की है।

(2) मनुष्य ने अपना सुख किस प्रकार प्राप्त किया है ? **1**

(क) अपने बुद्धिबल से

(ख) अपने भाग्य के बल से

(ग) अपनी भुजाओं के बल से।

(घ) आम आदमी के सहयोग से।

(3) 'ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में मनुज नहीं लाया है'का अर्थ है कि 1

(क) मनुष्य का भाग्य ब्रह्मा ने लिखा है।

(ख) मनुष्य का भाग्य उसके परिश्रम ने लिखा है।

(ग) मनुष्य का भाग्य कवि ने लिखा है।

(घ) मनुष्य के भाग्य में सब कुछ लिखा है।

(4) प्रकृति मनुष्य से कैसे हारती है ? 1

(क) मनुष्य द्वारा भाग्य के भरोसे रहने पर।

(ख) मनुष्य द्वारा उद्यम और परिश्रम करने पर।

(ग) मनुष्य द्वारा ईश्वर की पूजा करने पर।

(घ) मनुष्य द्वारा जोरदार भाषण देने पर।

(5) नर शब्द का विलोम है। 1

(क) नारी

(ख) अभागिन

(ग) नारायण

(घ) अध्यापिका

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) सूर्य संसार को प्रकाश देता है।

(ii) बच्चा सोता है।

(iii) उसने पत्र लिखा।

(iv) माँ गीत गाती है।

(ख) 'बहन खाना पका रही हैं।' उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) अपूर्ण क्रिया

(ii) अकर्मक क्रिया

(iii) पूर्ण अकर्मक क्रिया

(iv) सकर्मक क्रिया

(ग) 'शोभित आ रहा है'। वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) एक कर्मक क्रिया

(ii) द्विकर्मक क्रिया

(iii) अकर्मक क्रिया

(iv) सकर्मक क्रिया

(घ) निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) ठहरा

(ii) ठहरना

(iii) ठहर

(iv) ठहराना

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होने वाले वाक्य के सही विकल्प को चुनकर लिखिए। 1

(i) माँ ने पुस्तकें बेच दी।

(ii) खरगोश दौड़ रहा है।

(iii) हम बच्चों को फुटबॉल खिला रहे थे।

(iv) दुकानदार ने हमें कुछ खिलौने दिए

(ख) 'अच्छे बच्चे समय पर जाग जाया करते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) जाना

(ii) करना

(iii) हैं

(iv) जागना

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में मुख्य क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) अध्यापिका पढ़ा रही है।

(ii) सुरभि ने पानी पिलाया।

(iii) पक्षी उड़ते हैं।

(iv) इस स्थान पर सारी रात कैसे रहा जाएगा।

(घ) 'रोहन ने सुरेश को भूगोल पढ़ाया'। वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) पूर्ण अकर्मक क्रिया

(ii) द्विकर्मक क्रिया

(iii) एककर्मक क्रिया

(iv) अकर्मक क्रिया

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) अनुराग ने कपड़े खरीदे।

(ii) किसान ने हल चलाया।

(iii) खिलाड़ी रोज खेलेंगे।

(iv) मुझे दौड़ना पड़ता है।

(ख) 'पर्वतारोही शिखर पर पहुँच गए होंगे।' वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए – **1**

(i) संयुक्त क्रिया

(ii) सहायक क्रिया

(iii) मुख्य क्रिया

(iv) उपर्युक्त में कोई नहीं

(ग) निम्नलिखित में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए – **1**

(i) बालक नहीं चिल्लाया।

(ii) बालक चिल्ला उठा।

(iii) गोपाल गाना गा चुका है।

(iv) वह धोखा दे गया है।

(घ) 'रमन मैच खेल चुका है।' इस वाक्य में रेखांकित क्रियाओं के भेद का सही विकल्प निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए – **1**

(i) सहायक क्रिया

(ii) मुख्य क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया

(iv) तीनों में से कोई नहीं

8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(क) 'वह लड़की मोटी है। **1**

(i) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ii) गुणवाचक विशेषण

(iii) निश्चित सार्वनामिक विशेषण

(iv) संख्यावाचक विशेषण

(ख) 'परिश्रमी व्यक्ती सफल रहता है'। **1**

(i) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(ii) सार्वनामिक विशेषण

(iii) गुणवाचक विशेषण

(iv) परिमाणवाचक विशेषण

(ग) पेड पर कुछ बंदर बैठे हैं। **1**

(i) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(ii) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(iii) निश्चित संख्याावाचक विशेषण

(iv) सार्वनामिक विशेषण

(घ) 'मैंने कार में दस लीटर पेट्रोल डलवाया'। **1**

(i) निश्चित परिणाम वाचक

(ii) गुणवाचक

(iii) अनिश्चित सार्वनामिक

(iv) निश्चित संख्यावाचक

9. निम्नलिखित वाक्यांशों में दिए गए रिक्त स्थानों को विकल्पों में दिए गए क्रिया विशेषणों से सही विकल्प चुनकर भरिए।

जून की तपती ___(क)___ थी। ___(ख)___ सूर्य बादलों की ओट में छिप गया, आकाश में ___(ग)___ बादल छा गए। कुछ क्षण पहले सड़के सूनीं थीं, अब ___(घ)___ देखो लोग आनंदित दिखाई दे रहे थे।

(क) (i) गर्मी (ii) रेत **1**

(iii) दोपहर (iv) सड़कें

(ख) (i) अचानक (ii) लाल **1**

(iii) गर्म (iv) आसमान

(ग) (i) काले (ii) वर्षा के **1**

(iii) घुँघराले (iv) चारों ओर

(घ) (i) बगीचों में (ii) जिधर **1**

(iii) छतों पर (iv) पहाड़ों पर

खंड 'ग'

10. भादों की वह अँधेरी अधरतिया। अभी, थोड़ी ही देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है। बादलों की गरज, बिजली की तड़प में अपने कुछ नहीं सुना हो, किंतु अब झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र-टर्र बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबो नहीं सकती। उनकी खँजड़ी डिमक-डिमक बज रही है और वे गा रहे हैं - ''गोदी में पियवा चमक उठे सखिया, चिहुँक उठे ना!'' हाँ पिया तो गोद में ही है, किंतु वह समझती है, वह अकेली है, चमक उठती हैं, चिहुँक उठती हैं। उसी भरे-बादलों वाले भादों की आधी रात में उनका यह गाना अँधेरे में अकस्मात कौंध उठनेवाली बिजली की तरह किसे न चौंका देता ? अरे, अब सारा संसार निस्तब्धता में सोया है, बालगोबिन भगत का संगीत जाग रहा है, जगा रहा है! - तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा!

उपरिलिखित गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए - **5**

(क) बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में कौन नहीं डुबो सकता ? **1**

(i) झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र-टर्र।

(ii) बादलों की गरज।

(iii) बिजली की तड़प।

(iv) ढोल-नगाड़ो की आवाज।

(ख) यहाँ किस मास की वर्षा का वर्णन है ? **1**

(i) कार्तिक मास की।

(ii) भादों मास की।

(iii) आषाढ़ मास की।

(iv) सावन मास की।

(ग) खँजड़ी डिमक डिमक बज रही है और वे गा रहे हैं - कौन ? **1**

(i) बालगोबिन

(ii) बालगोबिन के साथी

(iii) ग्रामीण गायक

(iv) लेखक और बालगोबिन

(घ) 'नि:स्तब्धता' शब्द का अर्थ है - **1**

(i) सावधान

(ii) सचेत

(iii) आश्चर्य चकित

(iv) सन्नाटा

(ङ) बालगोबिन भगत के गीतों की क्या विशेषता थी ? **1**

(i) खँजड़ी के ताल पर गाते थे।

(ii) रात्रि के समय गीत गाते थे।

(iii) ईश्वर के प्रति आस्था तथा प्रेम पर आधारित गीत गाते थे।

(iv) उपर्युक्त सभी

अथवा

नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा-मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था।

हम कनखियों से देखकर सोच रहे थे, मियाँ रईस बनते हैं, लेकिन लोगों की नजरों से बच सकने के खयाल में अपनी असलियत पर उतर आए हैं।

नवाब साहब ने फिर एक बार हमारी ओर देख लिया, 'वल्लाह, शौक कीजिए, लखनऊ का बालम खीरा है।'

नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताजे खीरे की पनियाती फाँके देखकर पानी मुँह में जरूर आ रहा था, लेकिन इनकार कर चुके थे। आत्मसम्मान निबाहना ही उचित समझा, उत्तर दिया, 'शुक्रिया, इस वक्त तलब महसूस नहीं हो रही, मेदा भी जरा कमजोर है, किबला शौक फर्माए।'

उपरिलिखित गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। **5**

(क) नवाब साहब क्या कर रहे थे ? **1**

(i) खीरे धोकर रख रहे थे।

(ii) खीरे तौलिए पर रख रहे थे।

(iii) खीरे सूँघकर फेंक रहे थे।

(iv) खीरे की फाँकों पर जीरा-मिला नमक-मिर्च बुरक रहे थे।

(ख) लखनऊ के खीरे का क्या नाम बताया गया हैं ? **1**

(i) लखनवी खीरा

(ii) जीरा-नमक मिला खीरा

(iii) बालम खीरा

(iv) अपदार्थ खीरा

(ग) लेखक कनखियों से देखकर सोच रहे थे कि **1**

(i) नवाब साहब की पोशाक अच्छी है।

(ii) नवाब रईस होने का पूरा ढोंग रच रहे हैं।

(iii) नवाब मुझे भी खीरा काटने दें।

(iv) नवाब साहब लखनऊ से आए हैं।

(घ) 'शुक्रिया' शब्द का हिन्दी अर्थ हैं **1**

(i) शुभचिन्तक

(ii) आदरणीय

(iii) शिष्टता

(iv) धन्यवाद

(ङ) 'मेदा भी जरा कमजोर हैं' यह किसने कहा..... **1**

(i) लेखक ने ।

(ii) नवाब साहब ने ।

(iii) खीरा बेचनेवाले ने ।

(iv) डिब्बे के यात्रियों ने ।

11. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए - **2x5=10**

(क) बालगोबिन ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की? **2**

(ख) नवाब साहब ने बहुत ही यत्न से खीरा काटा, नमक-मिर्च बुरका, सूँघकर ही खिड़की से बाहर फेंक दिया। उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा ? उनका ऐसा करना उनके कैसे स्वभाव को इंगित करता हैं ? **2**

(ग) 'वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में। पागल हैं पागल' कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है ? **2**

(घ) लेखक ने नवाब साहब के सामने की बर्थ पर बैठकर भी आँखें क्यों चुराई ? **2**

(ङ) चश्मा बार-बार बदलने का क्या कारण बताया गया है ? **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **5**

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाही परत कही।
अवधि आधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनी बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।

(i) गोपियाँ किस कारण अब तक मन की व्यथा सह रही थी ? **1**

(ii) उद्धव के योग संदेश का गोपियों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? **1**

(iii) गोपियों की रक्षा की उम्मीद कहाँ से थी ? पर उन्हें क्या मिला ? **1**

(iv) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण छाँटकर लिखिए। **1**

(v) उपर्युक्त पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन-सी हैं ? **1**

अथवा

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हों,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है।
पत्तों से लदी डाल
कही हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में
मंद-गंध - पुष्प - माल,
पाट-पाट शोभा-श्री
पट नहीं रही हैं।

(i) इस कविता में किसका चित्रण किया गया है ? **1**

(ii) फागुन की आभा का प्रभाव कहाँ-कहाँ दिखाई देता है ? **1**

(iii) 'अट नहीं रही है' का क्या अर्थ है ? **1**

(iv) 'घर-घर'. 'पर-पर' तथा 'पाट-पाट' में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है ? **1**

(v) उपर्युक्त पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन-सी है ? **1**

13. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए - **5**

(i) उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरहाग्नि में घी का काम कैसे किया ? **2**

(ii) स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय हैं ? **2**

(iii) कवि की आँखें फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही हैं ? **1**

14. आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता हैं ? **5**

अथवा

'नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का द्योतक है'। यह बात व्यंग्य रचना में किस तरह उभर कर आई है ? **5**

खंड 'घ'

पत्र-लेखन

15. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए, जिसमें पुस्तकालय में हिन्दी पत्रिकाएँ मँगाने के लिए निवेदन किया गया हो। **5**

अथवा

आपका मित्र राहुल क्रिकेट टीम का कप्तान चुना गया है। उसकी इस उपलब्धि पर बाधाई देते हुए पत्र लिखिए। **5**

16. नीचे दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए।

विद्यार्थी जीवन और फैशन - **5**

फैशन का अर्थ ..... विद्यार्थी पर बढ़ते फैशन का प्रभाव व कारण .....दुष्प्रभाव ..... इसके समाधान .....

अथवा **5**

विज्ञापन और हमारा जीवन

विज्ञापन का महत्त्व ..... विज्ञापन का हमारे जीवन पर प्रभाव ..... विज्ञापन एक शक्तिशाली माध्यम ..... युवाओं पर प्रभाव ..... विज्ञापनों में अपने ज्ञान का प्रयोग आवश्यक ..... निष्कर्ष ..... ।

- o O o -